**भारतीय मानक ब्यूरो**
**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय**
**(उपभोक्ता मामले विभाग), भारत सरकार**
मानक भवन, 9 बहादुर शाह जफर मार्ग,
नई दिल्ली -110002

**विज्ञापन संख्या- 03/2024/ एचआरडी (प्रतिनियुक्ति)**

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय है।** यह भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय है। यह देश में मानकीकरण, उत्पाद और पद्धति प्रमाणन, स्वर्ण/चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग, प्रयोगशाला परीक्षण आदि के क्षेत्र में कार्यरत है। बीआईएस अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मानकीकरण और प्रमाणन का कार्य भी करता है।

**बीआईएस** निम्नलिखित पदों के लिए **कृषि** के क्षेत्र में **प्रतिनियुक्ति** पर **03 रिक्तियों** को भरने के लिए केंद्र सरकार / राज्य सरकार / विश्वविद्यालयों / मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों / **सांविधिक** / स्वायत्त संगठनों / पीएसयू में काम कर रहे वैज्ञानिकों या प्रौद्योगिकीविदों से आवेदन आमंत्रित करता है:

**i)** वैज्ञानिक-सी, 7वें वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स के लेवल-11 में
**ii)** वैज्ञानिक-डी, 7वें वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स के लेवल-12 में

**1. अपेक्षित अर्हता एवं अनुभव**

| पद का नाम | प्रतिनियुक्ति के लिए शैक्षिक अर्हता | प्रतिनियुक्ति के लिए अनुभव |
|---|---|---|
| वैज्ञानिक-सी | **अनिवार्य:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कृषि में स्नातक की डिग्री और निम्नलिखित में से किसी भी विषय में 60% अंकों के साथ मास्टर डिग्री (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के मामले में 50% अंक):<br>i) कृषि विज्ञान<br>ii) मृदा विज्ञान / मृदा विज्ञान और कृषि रसायन विज्ञान<br>iii) कृषि कीट विज्ञान / कीट विज्ञान<br>iv) कृषि रसायन / रसायन विज्ञान<br>**वांछनीय:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से डॉक्टरेट की डिग्री | (क) (i) नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; या<br>(ii) वेतन मैट्रिक्स में लेवल 10 (56100-177500 रुपये) या समकक्ष में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद उस ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा की हो; और<br>(ख) मानकीकरण या गुणवत्ता आश्वासन या परीक्षण या उत्पादन या डिजाइन या अनुसंधान के क्षेत्र में चार वर्ष का अनुभव। |
| वैज्ञानिक -डी | | (ग) (i) नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; या<br>(ii) वेतन मैट्रिक्स में लेवल 11(67700 - 208700 रुपये) या समकक्ष में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद उस ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा की हो; और<br>(घ) मानकीकरण या गुणवत्ता आश्वासन या परीक्षण या उत्पादन या डिजाइन या अनुसंधान के क्षेत्र में आठ वर्ष का अनुभव। |

**2. परिलब्धियाँ:** वैज्ञानिक- सी के लिए 7 वें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में स्तर -11, वैज्ञानिक- डी के लिए 7 वें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में स्तर -12, डी.ए., एचआरए और परिवहन भत्ता केंद्र सरकार की दरों के अनुसार एवं अन्य हित लाभ जिनमें पेंशन अंशदान, ग्रेच्युटी, चिकित्सा प्रतिपूर्ति और एलटीसी शामिल हैं ब्यूरो के नियमों के अनुसार होंगे।

**3. प्रतिनियुक्ति की अवधि** **:** 02 वर्ष

**4. अधिकतम आयु** **:** 56 वर्ष (आवेदन की अंतिम तिथि पर )

**5. स्थान** **:** दिल्ली-एनसीआर

**6. आवेदन कैसे करें:**

i) जो उम्मीदवार पद के लिए आवश्यक पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, चाहे किसी भी श्रेणी के हों, वे अनुलग्नक I में दिए गए निर्धारित प्रारूप में निम्नलिखित दस्तावेजों की स्वयं-सत्यापित प्रतिलिपि के साथ " प्रमुख (एचआरडी), भारतीय मानक ब्यूरो, मानक भवन, 9 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली - 110002" पर उचित माध्यम से अपने आवेदन भेज सकते हैं :

(क) जन्म तिथि का प्रमाण (मैट्रिकुलेशन प्रमाण पत्र/हाई स्कूल प्रमाण पत्र/उपयुक्त स्थानीय प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि स्पष्ट रूप से दर्शाई गई हो को ही स्वीकार किया जाएगा)।

(ख) अहर्ता के संबंध में सभी प्रमाण पत्र विवरण (स्नातक से शुरू करके सभी सेमेस्टर/वर्षवार मार्कशीट, डिग्री प्रमाण पत्र)।

(ग) आवेदन पत्र में उम्मीदवार द्वारा उल्लिखित अनुभव विवरण के समर्थन में नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र/दस्तावेज।

(घ) नियोक्ता से अग्रेषण पत्र सहित (i) पिछले 05 वर्षों के पूर्ण एपीएआर/एसीआर डोजियर की प्रतिलिपि जो भारत सरकार के अवर सचिव या समकक्ष पद के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित हो; (ii) सतर्कता अनापत्ति प्रमाणपत्र; (iii) कैडर अनापत्ति प्रमाणपत्र; (iv) सत्यनिष्ठा अनापत्ति प्रमाणपत्र; और अनुबंध II के अनुसार पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिकारी पर लगाए गए प्रमुख/लघु जुर्मानों का विवरण, यदि कोई हो।

(ii) आवेदन लिफाफे में केवल **पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट** द्वारा भेजा जाना चाहिए, जिसके दाहिने कोने पर "वैज्ञानिक-सी/वैज्ञानिक-डी के पद के लिए आवेदन" लिखा होना चाहिए।

(iii) **आवेदन दिनांक 10.08.2024 से स्वीकार करना शुरू किए जाएंगे जिसे भेजने की अंतिम तिथि दिनांक 23.09.2024 है।** किसी भी परिस्थिति में अंतिम तिथि के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(iv) इस भर्ती प्रक्रिया के संबंध में ब्यूरो को कोई भी मूल दस्तावेज भेजने की आवश्यकता नहीं है जब तक कि ऐसा करने का कोई निर्देश न दिया जाए।

(v) बीआईएस के विभागीय अभ्यर्थी इस पद पर प्रतिनियुक्ति के लिए आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे।

7. **चयन प्रक्रिया:** अनिवार्य अर्हता, अनुभव और आयु सीमा रखने वाले उम्मीदवार इस पद के लिए पात्र होंगे। चयन प्रक्रिया में स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा आवेदनों की स्क्रीनिंग की जाएगी। चयनित उम्मीदवारों को चयन समिति द्वारा साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। साक्षात्कार का कार्यक्रम-सूचना भारतीय मानक ब्यूरो की वेबसाइट www.bis.gov.in पर भी दी जाएगी। साक्षात्कार बीआईएस मुख्यालय, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। पदों पर अभ्यर्थियों का अंतिम चयन मैरिट के आधार पर किया जाएगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे चयन प्रक्रिया के दौरान महत्वपूर्ण घोषणा / सूचना के लिए बीआईएस की वेबसाइट देखते रहें।

**ध्यान दें:** साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए निवास स्थान से सामान्य सबसे छोटे मार्ग से आने-जाने का यात्रा खर्च प्रचलित सरकारी नियमों के अनुसार स्वीकार्य होगा।

**अन्य नियम एवं शर्तें और सामान्य अनुदेश**

(i) प्रतिनियुक्ति के लिए सेवा की शर्तें और निबंधन, केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में अपने कर्मचारियों के लिए निर्धारित शर्तों और निबंधनों द्वारा शासित होंगे।

(ii) सक्षम प्राधिकारी के विवेक पर प्रतिनियुक्ति की अवधि को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

(iii) अभ्यर्थियों के पास वैध ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर होना चाहिए जिसे आवेदन पत्र में उचित स्थान पर दर्ज किया जाना चाहिए और भर्ती प्रक्रिया पूरी होने तक उसे सक्रिय/वैध रखना चाहिए। एक बार जमा करने के बाद ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर में कोई परिवर्तन स्वीकार नहीं किया जाएगा। गलत या असक्रिय हो चुकी ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

(iv) अभ्यर्थियों को ध्यान रखना चाहिए कि भर्ती के सभी चरणों में उनकी अभ्यर्थिता पूर्णतया अनंतिम है जो कि पद-विशेष के लिए भर्ती नियमों तथा ब्यूरो द्वारा समय-समय पर जारी अन्य आदेशों/मानदंडों के अनुसार निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने के अधीन होगी। आवेदन में किसी भी झूठी/गलत/संदिग्ध जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत करने पर चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण (साक्षात्कार से पहले या बाद) में अभ्यर्थिता को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

(v) भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण के दौरान डाक में देरी/ क्षति/ विफलता के लिए ब्यूरो जिम्मेदार नहीं होगा।

(vi) ब्यूरो सूचित रिक्तियों और इस विज्ञापन के किसी भी प्रावधान को किसी भी त्रुटि और चूक/ भिन्नता के मामले में संशोधित/ परिवर्तित करने या यदि ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न होती है तो विज्ञापन और भर्ती को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

(vii) **चेतावनी**: ब्यूरो में चयन स्वतंत्र, निष्पक्ष और मैरिट आधारित है। किसी भी स्तर पर चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का कोई भी प्रयास पाए जाने पर सेवा की अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी।

(viii) भर्ती प्रक्रिया सहित इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाला कोई भी विवाद दिल्ली में स्थित न्यायालयों के एकमात्र क्षेत्राधिकार के अधीन होगा।

**घोषणाएं:** सभी आगामी घोषणाएं/ विवरण केवल बीआईएस की वेबसाइट www.bis.gov.in पर समय-समय पर प्रकाशित/ उपलब्ध कराए जाएंगे।

**दिनांक:**
**नई दिल्ली**

(आदित्य दास)
वैज्ञानिक-ई एवं प्रमुख (मानव संसाधन विभाग)
ई-मेल: hrd@bis.gov.in

**अनुलग्नक-I**

**आवेदन प्रपत्र**
**(बड़े अक्षरों में भरा जाए)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदक का नाम | |
| 2. | पिता का नाम | |
| | पति का नाम<br>(जहां कहीं भी लागू हो) | |

पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाएं और उस पर क्रास-साइन करें।

| | | |
|---|---|---|
| 3. | जन्म तिथि | (तिथि/ माह/ वर्ष) |
| | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार आयु | ------वर्ष---------महीने--------दिन |
| 4. | पद पर नियुक्ति की तिथि | (तिथि/ माह/ वर्ष) |
| | केंद्रीय/राज्य नियमों के अंतर्गत सेवानिवृति की तिथि | (तिथि/ माह/ वर्ष) |
| 5. | श्रेणी<br>(सामान्य/ ईडब्लूएस/ भूतपूर्व सैनिक/ अनु.जा. / अनु.ज.जा./ अ.पि.व/ पीडब्ल्यूडी) | |
| 6. | पत्राचार पता | |
| | i) वर्तमान कार्यालय का पताः | |
| | ii) आवासीय पताः | |
| | iii) स्थायी पताः | |
| | iv) मोबाईल नंबरः | |
| | v) ईमेल-आईडीः | |

7. **शैक्षणिक अर्हता का विवरण (अनिवार्य+वांछनीय) :**

| उत्तीर्ण की गई परीक्षा | विश्वविद्यालय/ संस्थान का नाम | विषय /संकाय | प्राप्तांक प्रतिशत | पूर्णता का वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

**8. रोजगार का विवरण (कालानुक्रम में):**

| **कार्यालय/ संस्थान** | **नियमित आधार पर पद** | **से (तिथि)** | **तक (तिथि)** | **नियमित आधार पर धारित पद के वेतन मैट्रिक्स/वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/वेतनमान में स्तर** | **निष्पादित कर्तव्यों की प्रकृति** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

**9. यदि वर्तमान में प्रतिनियुक्ति पर है तो कृपया बताएं:**

| क) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि | ख) प्रतिनियुक्ति पर तैनाती की अवधि | ग) आवेदक के मूल कार्यालय/संगठन का नाम | घ) पद का नाम और मूल संगठन में वास्तविक क्षमता में धारित पद का वेतन |
|---|---|---|---|
| | | | |

**ध्यान दें:** यदि अधिकारी पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर हैं तो ऐसे अधिकारियों के आवेदनपत्र मूल कैडर/ विभाग द्वारा कैडर निर्बाधता, सतर्कता निर्बाधता और सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र के साथ अग्रेषित किए जाने चाहिए।

| | |
|---|---|
| 10. यदि आवेदक पूर्व में किसी पद पर प्रतिनियुक्ति पर रहा हो तो अंतिम प्रतिनियुक्ति से वापसी की तिथि एवं अन्य विवरण। | |
| 11. कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि आपके द्वारा उपरोक्त की गई प्रविष्टियों की दृष्टिकोण से क्या आप पद के लिए अपेक्षित अनिवार्य अर्हताएं और कार्य अनुभव रखते हैं। | हां/ना |
| **12. वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त विवरण:**<br><br>कृपया बताएं कि क्या आप केंद्र सरकार/राज्य सरकार/विश्वविद्यालय/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान/सांविधिक/स्वायत्त संगठन/पीएसयू के अंतर्गत काम कर रहे हैं और अपने नियोक्ता का नाम भी बताएं। | |

| **13. वर्तमान में प्रति माह आहरित कुल परिलब्धियाँ (संगठन द्वारा जारी नवीनतम वेतन पर्ची संलग्न करें)** | | |
|---|---|---|
| वेतन मैट्रिक्स / वेतनमान में स्तर के साथ मूल वेतन | महंगाई वेतन/अंतरिम राहत/अन्य भत्ते इत्यादि, (अलग-अलग विवरण के साथ) | कुल परिलब्धियाँ |
| | | |

| 14. उपलब्धियां:<br>अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रमुख उपलब्धियों, जैसे पुरस्कार/शोध प्रकाशन/विषय विशेषज्ञता/पेशेवर निकायों/संस्थाओं/सोसायटियों से संबद्धता आदि के संबंध में संक्षिप्त जानकारी प्रदान करें। | |
|---|---|

मैंने रिक्तियों संबंधी परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है और मैं अच्छी तरह से जानता हूं कि आवेदन पत्र में दी गई जानकारी तथा मेरे द्वारा प्रस्तुत अनिवार्य अर्हता/कार्य अनुभव के संबंध में दस्तावेजों का भी पद हेतु चयन के समय चयन समिति द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा। मेरे द्वारा प्रदान की गई जानकारी/ विवरण मेरी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सही एवं सत्य है तथा मेरे चयन से संबंधित कोई भी तथ्य छिपाया/रोका नहीं गया है।

(अभ्यर्थी का हस्ताक्षर)

स्थानः............................

तिथिः............................

**<u>अनुलग्नक-II</u>**

**नियोक्ता/ संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरण द्वारा प्रमाणन**

आवेदक द्वारा उपरोक्त आवेदन में दी गई जानकारी/ विवरण अभिलेखों में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य एवं सही है। उसके पास रिक्तियों संबंधी परिपत्र में उल्लिखित शैक्षणिक अर्हताएं एवं अनुभव है। यदि उसका चयन होता है तो उसे तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

**2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि;**

i) श्री/श्रीमती………………… के विरुद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित/विचाराधीन नहीं है।

ii) उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।

iii) उनका सीआर डोजियर मूल प्रति संलग्न है/ पिछले 5 वर्षों के एसीआर की प्रतियां भारत सरकार के अवर सचिव या उससे ऊपर के रैंक के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित संलग्न हैं।

iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान उस पर कोई छोटा/बड़ा जुर्माना नहीं लगाया गया है या पिछले 10 वर्षों के दौरान उस पर लगाए गए छोटे/बड़े जुर्माने की एक सूची संलग्न है (जैसा भी मामला हो)।

प्रतिहस्ताक्षरित

----------------------------------------

(मुहर सहित नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरण)